हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 13 जून, 2025

11 प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की बनी अलग पहचान : बराला


12 पेयजल समस्या से परेशान ग्रामीणों ने लघु सचिवालय पर...


## खबर संक्षेप

### हरियाणा सिविल पेंशनर्स की मासिक बैठक रद

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पैंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद की 14 जून शनिवार को होने वाली मासिक बैठक भयंकर गर्मी के चलते रद्द कर दी गई है। यह जानकारी देते हुए प्रधान हरबंस लाल सेठी व सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि गर्मी को देखते हुए जून माह में होने वाली बैठक रद कर दी गई है।

### युवक को हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत सीआईए पुलिस टीम ने टोहाना शहर से एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान अविनाश उर्फ सागर पुत्र गोमा निवासी किला मोहल्ला हाल गिलांवाली ढाणी, टोहाना के रूप में हुई है। सीआईए प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस की टीम एसआई जग्गा सिंह के नेतृत्व में गश्त पर थी इसी दौरान कार्रवाई की गई।

### सिरसा में एनआईए की टीम की रेड

**सिरसा।** एनआईए की टीम ने वीरवार को सिरसा शहर और साथ लगते गांव वैदवाला में छापेमारी की। इस दौरान एनआईए की टीम अचानक गांव में एक युवक के घर पर पहुंची। बताया जा रहा है कि युवक ने पंजाब के रिश्तेदारों के पास फोन किया था। जो कुछ दिनों पहले बेगू रोड पर नशा तस्करी के आरोप में पकड़े गए थे। ऐसे में एनआईए की टीम युवक से पूछताछ के लिए सिरसा में पहुंची। जानकारी अनुसार, छापे के समय युवक अपने घर पर ही था। एनआईए ने युवक से करीब एक घंटे तक पूछताछ की।

### 15 को जागरूकता दिवस पर लगेंगे शिविर

**फतेहाबाद।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा 15 जून को विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर विशेष कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण, पंचकूला के सदस्य सचिव से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे हैं।

# जाखल मंडी में प्रॉपर्टी टैक्स नहीं भरा तो बकायेदारों की संपत्ति होगी सीज, तीन दिन का अंतिम नोटिस

## नपा की सख्त कार्रवाई शुरू, 176 लोगों पर पौने 4 करोड़ बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

जाखल मंडी नगर पालिका ने प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली को लेकर अब कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। लंबे समय से टैक्स न भरने वाले बकायेदारों पर शिकंजा कसते हुए पालिका प्रशासन ने उन्हें अंतिम चेतावनी जारी कर दी है। नगर पालिका सचिव प्रवीण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित बकायेदारों को तीन दिन का नोटिस जारी किया गया है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि अगर तय समयसीमा में टैक्स का भुगतान नहीं किया गया, तो संबंधित संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, नगर पालिका गठन से अब तक शहर में टॉप बकायेदारों पर करीब 3 करोड़ 70 लाख रुपये की प्रॉपर्टी टैक्स राशि बकाया है। इसमें 85 ऐसे बकायेदार हैं जिन पर प्रति व्यक्ति एक लाख रुपये से भी अधिक की राशि बकाया है। इन 85 लोगों से कुल 3 करोड़ 9 लाख 27 हजार 394 रुपये वसूले जाने हैं। वहीं, 91 ऐसे व्यक्ति भी सूची में शामिल हैं जिन पर 50,000 से एक लाख रुपये तक का टैक्स बकाया है। इनसे कुल 59 लाख 90 हजार 731 रुपये की वसूली होनी है।

### प्रशासन की जनता से अपील, समय पर बकाया टैक्स का करें

#### संपत्ति धारकों में मची हलचल

नगर पालिका ने बताया कि समय-समय पर टैक्स जमा करवाने के लिए नोटिस जारी किए गए थे और विभिन्न योजनाओं के जरिए छूट भी दी गई थी, ताकि लोग समय पर टैक्स भरें। लेकिन इसके बावजूद कई संपत्ति धारकों ने लापरवाही दिखाई, जिससे नगर पालिका को राजस्व की भारी हानि हो रही है। अब नगरपालिका ने तय किया है कि जो बकायेदार तीन दिन के भीतर प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान नहीं करेंगे, उनकी संपत्तियों को उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार सीज किया जाएगा और भविष्य में उन्हें किसी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी। नगरपालिका की इस सख्त कार्रवाई से शहर के अन्य संपत्ति धारकों में भी हलचल मच गई है। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे समय रहते अपने बकाया टैक्स का भुगतान करें ताकि ऐसी कठोर कार्रवाई से बचा जा सके।




#### जल्द करें भुगतान

जाखल मंडी नगर पालिका के अंतर्गत 50 हजार से एक लाख तक के 91 और एक लाख से अधिक के 85 लोगों पर कुल 3 करोड़ 70 लख रुपए की राशि बकाया है। इन बकायेदारों से प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान किए जाने संबंधी नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस जारी होने के तीन दिन के अंदर अंदर संबंधित प्रॉपर्टी धारक को भुगतान करना होगा अन्यथा उनकी प्रॉपर्टी को उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार सीज कर दिया जाएगा।

-प्रवीण कुमार, सचिव नगर पालिका जाखल

### आसमान से बरसे अंगारे, आमजन बेहाल

**सिरसा।** पिछले करीब एक सप्ताह से मौसम में गर्मी ने जो दस्तक दी है, उसके चलते आमजन का जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त होकर रह गया है। सिरसा का तापमान 46 डिग्री पार कर चुका है। गर्मी की अधिकता के चलते स्थिति ये है कि बिजली निगम की कार्यप्रणाली भी पूरी तरह से शंकित होकर रह गई है। जहां एक ओर शासन की ओर से बार बार सार्वजनिक मंचों से शहरों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के दावे किए जाते हैं वहीं हकीकत इससे कोसों दूर नजर आती है। गर्मी की अधिकता के चलते बार बार शहर में लग रहे अघोषित कटों, ट्रांसफार्मर्स के जलने, फ्यूज उडने, कंडक्टर टूटने जैसी गंभीर घटनाओं ने शहरवासियों का जीना हराम कर दिया है। बिजली के अघोषित कट भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। गर्मी की अधिकता के चलते आमजन ने अपनी दिनचर्या में भी व्यापक बदलाव किया है।

## युवक ने किया सुसाइड का प्रयास

# शराब पिलाकर क्रिकेट सट्टे के नाम पर ठगे 15 लाख

### नगरपरिषद उपप्रधान के भाई सहित 4 युवकों पर एफआइआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस द्वारा क्रिकेट सट्टेबाजों के विरूद्ध छेड़े गए अभियान से इस धंधे से जुड़े लोगों में हडकंप की स्थिति है। ऐसे ही एक मामले में वीरवार को फतेहाबाद पुलिस ने क्रिकेट सट्टेबाजी करवाने के आरोप में एक महिला की शिकायत पर चार युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने जिन चार युवकों पर केस दर्ज किया है उनमें भूषण नागपाल पुत्र सुभाष नागपाल, अमित गिल्होत्रा, राजन ग्रोवर व साहिल सोनी शामिल हैं। आरोप है कि इन युवकों ने क्रिकेट सट्टेबाजी के जाल में फंसाकर महिला के पति से 15 लाख रुपये हड़प लिए। कर्जे से परेशान होकर उसके पति ने सुसाइड की भी कोशिश की। बता दें कि इससे पहले भी पुलिस क्रिकेट बुकिज के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की चुकी है। बता दें कि चार युवकों में से एक आरोपी नगरपरिषद उपप्रधान का भाई है।

#### पंचायती तौर पर नहीं हुआ समझौता

दरअसल यह मामला दो सप्ताह पुराना है। इस मामले में शिकायतकर्ता ने 15 दिन पहले शिकायत दी थी कि कुछ लोगों ने शराब पिलाकर उसके पति से धोखाधड़ी कर क्रिकेट सट्टे में पैसे लगवा दिए। यह शिकायत थाने में पड़ी हुई थी और इसमें पंचायती तौर पर समझौते के प्रयास चल रहे थे लेकिन जब समझौता पटरी पर नहीं चढ़ा तो पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली। इस एफआईआर के बाद कई सफेदपोशों की पोल खुलने की भी संभावना है।

इस बारे एसपी को दी शिकायत में महिला नीरू बाला निवासी भट्टा कालोनी फतेहाबाद ने कहा है कि उसके पति मुकेश कुमार की फायर बिग्रेड कार्यालय के पास मनी ट्रांसफर की दुकान है जबकि आरोपी भूषण नागपाल की लाल बत्ती चौक के पास ही कन्फैक्शनरी की दुकान है। महिला ने कहा कि भूषण नागपाल, अमित गिल्होत्रा, राजन ग्रोवर व साहिल सोनी शाम के समय उसके पति के कार्यालय में बैठकर शराब पीते हैं और क्रिकेट मैचों पर सट्टा लगाने का काम करते हैं। एक साजिश के तहत चारों आरोपी उसके पति को ज्यादा शराब पिलाकर उसे क्रिकेट मैच में मोटी रकम लगाने के लिए उकसाते हैं। चारों ने मिलकर उसके पति से मोटी रकम लेकर अपनी-अपनी आईडी उसके पति को क्रिकेट सट्टा लगाने के लिए देते हैं और उसका पति मुकेश नशे में होने के कारण रकम हार जाता है। अब तक वह 15 लाख रुपये से ज्यादा रुपये क्रिकेट सट्टे में हार चुका है और कर्जदार हो चुका है। उसके पति के पास कर्जा चुकाने के लिए पैसे नहीं है और उक्त लोग उससे बार-बार पैसों की मांग करके झगड़ा करते हैं। महिला ने कहा कि चारों युवकों ने उसके पति क्रिकेट सट्ट खेलने के नाम पर धोखे से 15 लाख रुपये ले लिए हैं। इस कारण उसका पति मानसिक तौर पर काफी परेशान है। महिला ने कहा कि 15 मई शाम को उसकी गैरहाजिरी में उसके पति ने सुसाइड की भी कोशिश की लेकिन मौके पर आकर उसने अपने पति को बचा लिया। इसके बाद महिला ने एसपी की शिकायत देकर चारों युवकों पर कार्रवाई कर 15 लाख रुपये दिलवाने की गुहार लगाई। एसपी के निर्देशों पर शहर फतेहाबाद पुलिस ने चारों युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सिरसा में कोरोना की दस्तक, तीन केस सक्रिय

- सिरसा शहर में दो केस एवं डबवाली में एक केस की पुष्टि की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला में कोरोना वायरस की एक बार फिर एंट्री हो गई है। स्वास्थ्य विभाग ने इस दिशा में सिरसा शहर में दो केस एवं डबवाली में एक केस की पुष्टि की है। नागरिक अस्पताल सिरसा के सीएमओ महेंद्र सिंह भादू ने गुरुवार को बताया कि एक केस की हिस्ट्री दिल्ली ट्रेवल की पाई गई है तो दूसरे की गुरुग्राम से है जबकि डबवाली में पाए गए तीसरे केस की हिस्ट्री बठिंडा से संबद्ध है जो अपने किसी अन्य गंभीर बीमारी के लिए बठिंडा के एक निजी अस्पताल में गए थे। सीएमओ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने पूरी सतर्कता बरतते हुए इन तीनों संक्रमित व्यक्तियों के आसपास रहने वाले करीब 15 अन्य लोगों की भी जांच की है जो कोरोनामुक्त पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि परामर्श के तौर पर सभी को कहा जा रहा है कि वे भीड़ वाले किसी भी स्थान पर न जाएं और अपने स्तर पर बचाव के लिए मास्क आदि का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति को बुखार, खांसी, गले में खराश आदि का गंभीर सिन्टम नजर आए तो वे अपना टेस्ट अवश्य करवाएं। उन्होंने बताया कि सिरसा के नागरिक अस्पताल में कोरोनाग्रस्त व्यक्तियों के उपचार के उद्देश्य से दस बैड की व्यवस्था की गई है और जांच के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं का भी प्रबंध किया गया है।

# फतेहाबाद में कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिए 58 लोगों के आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद में कांग्रेस का जिलाध्यक्ष बनने के लिए 58 लोगों ने आवेदन किए हैं। इन 58 दावेदारों में वो लोग भी शामिल हैं, जिन्होंने अक्टूबर 2024 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान टिकट के लिए दावेदारी जताई थी। इसके अलावा महिलाओं, वकील, किसान, दुकानदार पेशे के भी कई दावेदार हैं। इन सभी के साथ ऑब्जर्वर्स की पहले राउंड की चर्चा पूरी हो गई है। अब 17 जून से 20 तक फिर ऑब्जर्वर जिले में रहेंगे। उस दौरान वे विधानसभा क्षेत्रों में भी जाकर कार्यकर्ताओं से राय लेंगे। इसके बाद छह लोगों का पैनल बनाकर हाईकमान को भेजा जाएगा। बता दे कि 11 साल बाद कांग्रेस का जिलाध्यक्ष चुनने के लिए हाईकमान की ओर से केंद्रीय ऑब्जर्वर चल्ला वंशी चंद रेड्डी, पीसीसी ऑब्जर्वर पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी, राहुल मक्कड़ व सतवीर पहलवान को भेजा गया था। इन आवेदकों के इंटरव्यू भी हुए हैं। टोहाना से टिकट के दावेदार रहे बलजिंद्र सिंह ठरवी व जयपाल सिंह लाली, सेवादल के जिलाध्यक्ष रमेश डांगरा, अनूप डांगरा, रामेश्वर मुवाल, अनिल डांगरा, जिला परिषद की पूर्व चेयरपर्सन गीता नांगली, कृष्ण नांगली, रतिया से टिकट के दावेदार रहे मंगतराम लालवास, सुधीर गोदारा, बलदेव सिंह दंदीवाल, फतेहाबाद से कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव डॉ. विनीत पूनियां की माता कृष्णा पूनियां, जिला कोआर्डिनेटर अरविंद शर्मा, नवनीत गोदारा आदि ने आवेदन किया है।




# युवक हेरोइन सहित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एएनसी स्टाफ फतेहाबाद पुलिस ने गांव नागपुर से एक युवक हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। युवक की पहचान सतनाम सिंह उर्फ मन्नु पुत्र कश्मीर सिंह निवासी अहरवां के रूप में हुई है। एएनसी स्टाफ फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने इस बारे जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम एएसआई मेजर सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान गांव हड़ौली के बस अड्डे के पास पहुंची तो पुलिस को सूचना मिली कि सतनाम सिंह उर्फ मन्नु नामक युवक हेरोइन बेचने का काम करता है। वह हेरोइन बेचने के लिए नागपुर में प्रदीप पैलेस के पास ग्राहकों की इंतजार में खड़ा है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पैलेस के गेट के पास एक युवक खड़ा दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गाय और मुडक़र पैलेस के अंदर जाने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम सतनाम सिंह उर्फ मन्नु बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 5.66 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।


**फतेहाबाद।** गांव नागपुर में हेरोइन सहित पकड़ा गया युवक।

### इग्नू परीक्षा के मद्देनजर धारा 163 लागू

**सिरसा।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की सत्रांत परीक्षा 2025 के मद्देनजर जिलाधीश शांतनु शर्मा ने परीक्षा केंद्रों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश अनुसार 12 जून से 19 जुलाई तक आयोजित परीक्षा केंद्र के 200 मीटर के दायरे में हथियार लेकर जाना, बिना पहचान पत्र के किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा, वहीं परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में फोटोस्टेट की दुकानें और कोचिंग सेंटर भी बंद रहेंगे।

## शिविर का उद्देश्य, कोई भी बच्चा अपने अधिकारों से न रहे वंचित

# बाल मजदूरी रोकने के लिए चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में विश्व बाल श्रम दिवस पर बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता शिविर का संचालन डिप्टी एलएडीसी ईश्वर दास व असिस्टेंट एलएडीसी नेहा द्वारा श्रम निरीक्षक कमलेश जांगड़ा के सहयोग से किया गया। इस जागरूकता शिविर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा बाल श्रम के कारण उनके मौलिक अधिकारों, स्वास्थ्य, शिक्षा और शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास से वंचित ना रहे।



**फतेहाबाद।** विश्व बाल श्रम दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते पैनल अधिवक्ता।

#### बाल श्रम एक गंभीर मुद्दा

डिप्टी एलएडीसी ईश्वर दास ने श्रमिकों को कहा कि बाल श्रम एक गंभीर मानव अधिकार मुद्दा है जो बच्चों को उनके बचपन से वंचित करता है और उनके विकास को बाधित करता है। बाल श्रम से बच्चों को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से नुकसान होता है। बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और इसे समाप्त करने के लिए हमने सामूहिक प्रयास करना है। जागरूकता अभियान में असिस्टेंट एलएडीसी नेहा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के अंतर्गत बच्चों का आधार नामांकन, कानूनी सहायता और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।






चाइल्ड आर्टिस्ट्स

हर बच्चे को अपने पापा से बहुत प्यार होता है। बच्चों के लिए उसके पापा किसी सुपर हीरो से कम नहीं होते। फादर्स-डे के मौके पर कुछ टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स बता रहे हैं कि किन खूबियों की वजह से वे अपने पापा को दुनिया का बेस्ट पापा मानते हैं। साथ ही ये चाइल्ड आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं कि इस बार फादर्स-डे कैसे सेलिब्रेट करेंगे।

# माय पापा इज द बेस्ट

## पापा की सबसे बड़ी खासियत है उनका पेशेंस और पॉजिटिव एटिट्यूडः आर्यन प्रजापति




**आर्यन प्रजापति** एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में ऋतिक का रोल प्ले कर रहा है, जो दर्शकों को खूब भा रहा है। इस बार फादर्स-डे पर उसकी क्या प्लानिंग है, हंसते हुए बताता है, 'मैं एक कार्ड बना रहा हूं, जिसमें मैं पापा के लिए अपनी फीलिंग्स लिखूंगा। साथ ही मैं उनका फेवरेट केक भी लाऊंगा। हम सब मिलकर घर पर छोटा सा सेलिब्रेशन करेंगे। पापा को क्रिकेट बहुत पसंद है, तो मैंने सोचा है कि हम दोनों मिलकर पास के मैदान में क्रिकेट खेल कर थोड़ा टाइम स्पेंड करेंगे। इस फादर्स-डे मैं अपने पापा को यह जताना चाहता हूं कि वो मेरे लिए बहुत स्पेशल हैं।' पापा की वो बात जो आर्यन के लिए जिंदगी भर के लिए सबक है, वह बताता है, 'मेरे पापा अकसर कहते हैं कि जब हम अपना काम पूरी मेहनत, ईमानदारी से करते हैं तो सफलता निश्चित ही मिलती है।' आर्यन के लिए उसके पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं। वह कहता है, 'मेरे पापा की सबसे बड़ी खासियत है उनका पेशेंस और पॉजिटिव एटिट्यूड। चाहे कितनी भी बड़ी टेंशन हो, वो हमेशा शांत रहते हैं। बहुत ही सुलझे तरीके से सिचुएशन को हैंडल करते हैं। वो ना सिर्फ एक अच्छे पापा हैं, मेरे बेस्ट फ्रेंड और मेंटर भी हैं। मेरे पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं।' *

## पापा बहुत हार्डवर्किंग हैं आरिया सकारिया



**सोनी सब** के शो 'तेनाली रामा' में लछमा का रोल कर रही आरिया सकारिया फादर्स-डे को लेकर काफी उत्साहित है। इस बार फादर्स-डे पर उसकी क्या प्लानिंग है, आरिया बताती है, 'इस दिन मैं अपने पापा को लेकर बाहर घूमने जाऊंगी। हम बाहर ही ब्रेकफास्ट करेंगे, शॉपिंग करेंगे और मूवी देखेंगे।' पापा की कोई ऐसी बात, जो आरिया के लिए जिंदगी भर का एक सबक बन गई हो, यह पूछने पर वह बताती है, 'मेरे डैड ने मुझे सिखाया है कि लाइफ में कोई भी प्रॉब्लम आ जाए, कभी हार मत मानना, क्योंकि कोई भी ऐसी प्रॉब्लम नहीं है, जिसका सॉल्यूशन न हो। पापा की यह बात मेरी जिंदगी का बहुत बड़ा सबक है, जिसे मैं हमेशा याद रखूंगी।' आरिया की नजर में उसके पापा की वह क्वालिटी, जो उन्हें बेस्ट पापा बनाती है, वह बताती है, 'मेरे डैड की सबसे अच्छी क्वालिटी यह है कि वो मेरी मॉम की बहुत रेस्पेक्ट करते हैं। वह हर काम में मां की हेल्प करते हैं। मेरे पापा बहुत हार्ड वर्किंग हैं। चाहे जितना भी थक गए हों, वो हमारे साथ जरूर टाइम स्पेंड करते हैं! इन्हीं वजहों से मेरे पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं।' *

## पापा ने दी है सीख कभी गिव-अप नहीं करना, चाहे जो भी हो जाए : अहनाफ खत्री



**जी टीवी** के शो 'कुमकुम भाग्य' में कीर्तन की भूमिका निभा रहा अहनाफ खत्री के लिए उसके पापा उसकी लाइफ में सबसे इंपॉर्टेंट हैं। वह कहता है, 'मुझे अपने पापा से बहुत प्यार है, वो मेरे लिए खुद से भी ज्यादा इंपॉर्टेंट हैं।' अहनाफ ने इस बार फादर्स-डे पर क्या कुछ खास प्लान कर रखा है, वह बताता है, 'अबकी मैं फादर्स-डे बहुत स्पेशल तरीके से सेलिब्रेट करूंगा। मैं अपने पापा के साथ घूमने जाऊंगा। हमारे साथ कोई और नहीं होगा, सिर्फ मैं और मेरे पापा होंगे। मेरे पापा को नाइनटीज के गाने बहुत पसंद हैं। इसलिए मैंने पापा के लिए एक स्पीकर मंगवा लिया है। यह फादर्स-डे पर मेरी तरफ से पापा के लिए सरप्राइज गिफ्ट होगा।' अहनाफ से यह पूछने पर कि वह अपने पापा की कोई ऐसी क्वालिटी बताए, जो उन्हें वर्ल्ड का बेस्ट पापा बनाती है, वह तुरंत जवाब देता है, 'कोई एक क्वालिटी नहीं, पापा की सारी क्वालिटीज उन्हें वर्ल्ड्स बेस्ट पापा बनाती हैं।' अहनाफ के लिए पापा की बताई कौन-सी बात उसके लिए बहुत बड़ा सबक है, वह बताता है, 'मेरे पापा मुझसे हमेशा कहते हैं- 'ट्राय ट्राय टिल यू सक्सीड और कभी गिव-अप नहीं करना, चाहे जो भी हो जाए। मुझे उनकी ये बात हमेशा याद रहेगी।' *



## वह मेरे आइडियल, मेरे बेस्ट फ्रेंड हैं: उर्वा सावलिया



**उर्वा सावलिया** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के पीरियड ड्रामा 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' में पृथ्वीराज चौहान के बचपन का रोल निभा रहा है। उर्वा की इस बार फादर्स डे पर क्या प्लानिंग है, इस सवाल पर वह जवाब देता है, 'इस बार फादर्स-डे पर मैंने अपनी मम्मी के साथ मिलकर अपने पापा के लिए एक खास सरप्राइज प्लान किया है, लेकिन इसे अभी बताऊंगा नहीं, बता दिया तो सरप्राइज कैसा।' उर्वा अपने पापा की वो क्वालिटीज बताता है, जो उन्हें वर्ल्ड्स बेस्ट पापा बनाती हैं। वह कहता है, 'मेरे पापा हमेशा से मेरे लिए हीरो रहे हैं। उनके मार्गदर्शन ने मुझे हर मुश्किल घड़ी में रास्ता दिखाया और एक ताकत दी है। मेरे पापा ना सिर्फ मेरे आइडियल हैं, बल्कि मेरे बेस्ट फ्रेंड भी हैं। मुझे उनकी सादगी सबसे ज्यादा पसंद है। उसी सादगी और संयम को मैं भी अपनाना चाहता हूं। मेरे पापा मेरे लिए एक पावर हाउस की तरह हैं।' *



प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

फीलिंग्स / मोनिका शर्मा

# पापा को दो प्यार भरा सरप्राइज

बच्चो, हर साल की तरह इस बार भी तुमने जरूर फादर्स-डे सेलिब्रेशन की प्लानिंग की होगी। इस प्लानिंग के साथ तुम कुछ अलग तरीके से फादर्स-डे सेलिब्रेट कर अपने लविंग पापा को सरप्राइज कर सकते हो। कैसे, जानो।



बच्चो, तुम्हारे हर स्पेशल दिन पर सरप्राइज देने वाले पापा को फादर्स-डे पर तुम भी सरप्राइज दे सकते हो। पापा के दिल को छू जाने वाला कुछ करके, तुमको भी बहुत खुशी मिलेगी। पापा के लिए तो यह सदा के लिए एक यादगार दिन बन जाएगा। इस बार फादर्स-डे पर पापा को हैप्पी और डिलाइटफुल, आश्चर्य में डालने वाले प्यारे काम करना ना भूलना।

**प्यारा वीडियो मैसेजः** पापा तुमको सुपरहीरो लगते हैं या लविंग-केयरिंग डैडी। साथ मस्ती करने वाले दोस्त जैसे लगते हैं या सलाह देने वाले गाइड। रोल मॉडल हैं या सहज प्यारे से पर्सन। वीडियो में खुलकर हंसते-मुस्कुराते हुए अपने पापा के लिए सब कुछ कह डालो। फादर्स-डे के खास दिन पर विश करते हुए अपने मन की बातें कहने वाला वीडियो पापा को सचमुच स्पेशल फील करवाएगा। अपनी सी बातों को समेटते हुए यूनीक सा वीडियो मैसेज बनाने का आइडिया कमाल कर जाएगा। फादर्स-डे को अलग अंदाज में सेलिब्रेट करने का अंदाज पापा को खूब खुशी देगा।



**लिखो दिल छूने वाला पत्रः** पेंसिल पकड़ने से लेकर अच्छे से पढ़ने-लिखने तक, तुम्हारी सीखने-समझने की जर्नी का हर दिन पापा के लिए भी बहुत खास होता है। इसीलिए तुम्हारी अपनी हैंडराइटिंग में लिखे लेटर का हर अक्षर पापा के लिए अनमोल होगा। साथ ही तुम्हारी लिखी बातें सदा के लिए एक सहेजने वाला गिफ्ट बन जाएंगी। इस बार डैडी के लिए प्यार, रेस्पेक्ट और प्यारी-प्यारी मेमोरीज को पत्र में लिख डालो। अपने लिखे पत्र में इमोशंस को प्रेजेंट करने के लिए इमोजी भी बनाओ। चुपचाप पापा की अलमारी या तकिए के नीचे अपना पत्र रख दो। इस तरह लिखी गई बातों को पढ़ कर पापा के चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी।

**आर्टिस्टिक एक्सप्रेशनः** तुम्हारे रंग-बिरंगे चित्र और आड़ी-तिरछी रेखाएं पापा को खूब भाती हैं। इस बार अपने हाथ से सुंदर सा फादर्स-डे कार्ड, पेंटिंग या एक आर्टिस्टिक पीस बनाकर पापा को देना मत भूलना। अपने बनाए आर्ट पीस को सुंदर स्टिकर से सजाकर प्यारा सा मैसेज भी दे सकते हो। कार्ड पर अपने हाथ से बनाई सिंपल पेंटिंग भी बना सकते हो। कोई भी आर्टवर्क डैडी के लिए एक परफेक्ट होममेड गिफ्ट होगा, अफेक्शन से भरा अट्रैक्टिव उपहार। बच्चो, पापा ऐसी बातों को खुलकर बताते नहीं हैं पर तुम्हारा बनाया आर्ट-क्राफ्ट पापा के लिए प्यार जताने का सबसे सुंदर तरीका है। इसे जब भी पापा देखेंगे, उनके चेहरे पर स्माइल आ जाएगी। *

## जीके क्विज-157

1. हाल ही में चर्चा में रहे डी. गुकेश का संबंध किस खेल से है?
2. 51वां जी 7 शिखर सम्मेलन किस देश में आयोजित किया जाएगा?
3. संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र का अध्यक्ष किसे चुना गया है?
4. स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 'दिल्ली चलो' का नारा किसने दिया था?
5. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?
6. सर्वप्रथम किस विदेशी यात्री ने भारत की यात्रा की थी?
7. कनाडा की राजधानी कहां है?
8. रतौंधी रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
9. विश्व की सबसे गहरी झील कौन-सी है?
10. मानव शरीर का कौन-सा अंग खून साफ करने का काम करता है?



बच्चो, जीके क्विज-157 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-156 का उत्तरः** 1.ओपल सुचाता चुआंगसरी, 2.रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 3.शुभमन गिल, 4.वी. एस. रामादेवी, 5. 21 जून, 6.मौलाना अबुल कलाम आजाद, 7.गोवा, 8.जापान, 9.वेलिंगटन, 10.क्लोरोफ्लोरोकार्बन

**जीके क्विज-156 का सही उत्तर देने वालेः** निलेश-जांजगीर, मुकेश-बिलासपुर, सौम्या-रायगढ़, कबीर-हिसार, सौरभ-बिलासपुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, आशीष-भोपाल

## हंसगुल्ले

**पापाः** लड़के को अंग्रेजी में 'ही' कहते हैं, तो कई लड़कों को अंग्रेजी में क्या कहेंगे?
**सोनू (कुछ देर सोचने के बाद):** पापा, जितने लड़के होंगे, उतने 'ही ही ही ' कहेंगे।
-गोपी, बिलासपुर

**एक यात्री रेलगाड़ी से उतरा। उसने स्टेशन पर खड़े रिंकू से पूछाः** यह कौन-सा स्टेशन है?
**रिंकूः** अंकल, यह रेलवे स्टेशन है।
राशि, रायपुर

**चुन्नू बर्फ का टुकड़ा उठा कर उसे घूरे जा रहा था...**
**पापा ने पूछाः** क्या देख रहे हो?
**चुन्नूः** देख रहा हूं कि यह लीक कहां से हो रहा है?
-कोकिला, रोहतक




कहानी
हरीश कुमार 'अमित'



# कितने अच्छे पापा!

विपुल को यही लग रहा था कि सोसाइटी में होने वाले शतरंज का फाइनल मैच हार जाएगा, जबकि वह कई बार फाइनल मैच जीत कर शतरंज बालश्री का पुरस्कार पा चुका था। इधर दो बार से वह फाइनल मैच में हार जा रहा था। लेकिन पापा ने उसकी जीत के लिए उसका आत्मविश्वास बढ़ाने की कोशिश की। क्या इसके बाद विपुल फाइनल मैच में विजयी हुआ?



शनिवार की सुबह थी। विपुल बहुत बेचैन था। उसकी बेचैनी का कारण जून महीने की गर्मी नहीं थी। वह इसलिए बेचैन था, क्योंकि अगले दिन इतवार को उसका शतरंज का फाइनल मैच था। उसे डर लग रहा था कि कहीं पिछली दो बार की तरह इस बार भी वह फाइनल मैच में हार न जाए।

विपुल जिस हाउसिंग सोसाइटी में रहता है, उसमें बहुत सारे फ्लैट हैं। उस सोसाइटी में हर वर्ष जून और दिसंबर की स्कूल की छुट्टियों में बच्चों के लिए खेल-कूद की अनेक प्रतियोगिताएं होती हैं। विपुल शतरंज की प्रतियोगिता में भाग लेता है। वह फाइनल में जीतकर शतरंज बालश्री का पुरस्कार कई बार पा चुका है। लेकिन पिछले साल जून और दिसंबर में हुई शतरंज प्रतियोगिता में जीतते-जीतते वह फाइनल तक तो पहुंच गया था, पर फाइनल मैच में हार गया था। इसलिए उसे डर सता रहा था कि वह कहीं इस बार भी हार न जाए। वह इसी सोच में गुमसुम-सा बैठा था। तभी विपुल के पापा उसके पास आए और बोले,'बेटा, आज तो मेरे ऑफिस की छुट्टी है। चलो, शतरंज खेलते हैं।'

विपुल के पापा शतरंज के बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। उन्होंने शतरंज की कई बड़ी प्रतियोगिताओं में बहुत से पुरस्कार जीते हैं। विपुल आज तक पापा से शतरंज में जीत नहीं पाया है। पापा के साथ खेलते हुए उसे लग रहा था कि वह आज भी हार जाएगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। कुछ देर बाद वह जीत गया और पापा हार गए।

विपुल की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था, क्योंकि वह पहली बार पापा से जीता था। तभी पापा बोले, 'आओ, एक बाजी और खेलते हैं।' इस बार तो विपुल को पूरी उम्मीद थी कि वह हार जाएगा, लेकिन इस बार भी वह जीत गया। उस दिन शाम तक विपुल ने पापा के साथ शतरंज की आठ बाजियां खेलीं और सभी में वह जीत गया। यह देख पापा विपुल से बोले, 'बेटा, अगर तुम मुझे हरा सकते हो तो फिर कल के मैच में एक बच्चे को क्यों नहीं हरा सकते?'

विपुल को अब अपने आप पर विश्वास हुआ कि वह कल का मैच जीत सकता है।

अगले दिन जब शतरंज का फाइनल मैच शुरू हुआ तो विपुल के पापा भी मैच देखने गए। पापा को अपने आस-पास पाकर विपुल पूरे आत्मविश्वास से खेलने लगा और दूसरे बच्चे को हराकर जीत भी गया। दोपहर बाद प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित हुए और विपुल को शतरंज बालश्री पुरस्कार प्रदान किया गया। घर आते हुए खुशी के मारे उसके पांव जमीन पर नहीं पड़ रहे थे।

शाम को पापा को बस से भोपाल के लिए निकलना था। लगभग बारह घंटे की बस यात्रा थी। अगले दिन सुबह से वहां उनकी एक हफ्ते की सरकारी ट्रेनिंग थी। खाना खाते हुए विपुल ने पूछा, 'पापा, आप वापस कब आएंगे?'

'इतवार सुबह की राजधानी ट्रेन से आऊंगा। इस ट्रेन में तो सात घंटे ही लगेंगे। दोपहर बाद तक घर पहुंच जाऊंगा।' पापा ने जवाब दिया। यह सुनकर विपुल बोला,'पापा, आप राजधानी से वापस आएंगे तो फिर राजधानी से ही क्यों नहीं गए? बस से तो टाइम भी ज्यादा लगेगा और बस में गर्मी और भीड़-भाड़ भी होगी। आप ठीक तरह से सो भी नहीं पाएंगे। कल सुबह भोपाल पहुंचेंगे तो बिना आराम किए आपको ट्रेनिंग के लिए जाना होगा।'

'हां, यह तो है।' पापा बहुत आहिस्ता से बोले।

'पापा, आप आज दिन में राजधानी से जाते तो आराम से एसी ट्रेन का सफर करते और रात को ठीक तरह से सो भी पाते।' विपुल की इस बात का पापा ने कोई जवाब नहीं दिया और चुपचाप खाना खाते रहे।

तभी मम्मी बोलीं, 'बेटा, तुम्हारे पापा आज सुबह इसलिए ट्रेन से नहीं गए ताकि वे मैच जीतने के लिए तुम्हारा हौसला बढ़ा सकें।'

यह सुनकर विपुल बहुत भावुक हो उठा, बोला, 'पापा, आप मेरे लिए इतना कष्ट सहकर जाएंगे भोपाल, जबकि आप बड़े आराम से ट्रेन से जा सकते थे।' मम्मी फिर बोलीं, 'और यह जो कल तुमने अपने पापा को आठ बार हराया है न, यह भी कोई अपने-आप नहीं हो गया। तुम्हारे पापा शतरंज के इतने अच्छे खिलाड़ी हैं कि बड़े-बड़े खिलाड़ी इनसे नहीं जीत पाते, लेकिन तुम इनसे कैसे जीत गए, वह भी एक ही दिन में लगातार आठ बार! सोचा क्या तुमने?'

मम्मी की बात सुनकर विपुल सोच में पड़ गया। मम्मी आगे बोलीं, 'बेटा, यह भी तुम्हारे पापा की ही सोची-समझी तरकीब थी। ये जानबूझकर तुम से आठ बार हारे थे ताकि तुम्हारा आत्मविश्वास लौट आए और तुम आज का फाइनल मैच जीत सको।'

मम्मी की बात सुनकर विपुल उठा और पापा के गले लगकर बोला, 'पापा, आप कितने अच्छे हैं..!'

पापा भी प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरने लगे। *

कविता / देवी प्रसाद गौड़

# मेरे फौजी पापा



सदा फूल से खिलते पापा,
हंसते-हंसते घर में आते।
कहां छुपी है परी हमारी,
सबसे पहले मुझे बुलाते।।
जब भी पापा घर में आते,
तरह-तरह की टॉफी लाते।
मधुर मंद मुस्काते जाते,
एक-एक कर मुझे दिखाते।।
टॉफी देख पंख लग जाते,
मैं घर में उड़ने लग जाती।
पापा के कंधे पर बैठी,
भैया से लड़ने लग जाती।।
सर चढ़ी लाड़ली पापा की,
मां, मुझको आंख दिखाती है।
कभी प्यार से कभी झगड़ कर,
भैया का हिस्सा खाती है।।
पापा कहते सब बच्चों में,
बिटिया लगती मुझको प्यारी।
बहुत गर्व है मुझको इस पर,
इसकी बातें सबसे न्यारी।।
रोज सबेरे मुझसे कहती,
पापा मेरी गुल्लक खुलवाओ।
उसमें पैसे और मिलाकर
अच्छी सी बंदूक मंगाओ।।
सुबह-शाम टीवी पर सुनती,
सिंदूरी मान बढ़ाऊंगी।
फौजी पापा की बेटी हूं,
सीमा पर लड़ने जाऊंगी।।
बहुत खुशी है मुझको बिटिया,
सपना साकार कराऊंगा।
अभी बड़ी हो जाओ लाड़ो,
तुमको कप्तान बनाऊंगा।।

## रंग भरो-177

**रंग भरो-177** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




श्याम, धमतरी


वसनि, रायपुर


सानवी, अंबिकापुर


रितेश, मटियारी


मिष्ठी, महासमुंद


डिंपल, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आस्तिका-चांपा, आतिया-बहादुरगढ़, अंकित-धमतरी, अथर्व-बिलासपुर, डॉली-दुर्ग, पलक-अटेली मंडी, रुपाली-दिल्ली, ट्विंकल-महेंद्रगढ़, कविता-कटनी, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, ज्योति-कोरबा

## रंग भरो 178



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में भाई-बहन फादर्स डे सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस प्यारे से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



तुम्हारे लिए किताब / सुधा श्रीवास्तव

# जीवन पथ-प्रदर्शित करती कहानियां



फादर्स-डे के आस-पास पापा से जुड़ी कोई कहानी मिल जाए तो तुम झटपट पढ़ डालोगे। असल में हर बच्चा अपने पापा से भावनात्मक रूप से बहुत जुड़ा होता है। पापा की सीखें, जीवन में पथ-प्रदर्शक का काम करती हैं, बाधाओं को दूर करती हैं, खुशियों से भरती हैं। इंदिरा त्रिवेदी का कहानी संग्रह 'पापा ने सही कहा था' की शीर्षक कहानी पढ़ते समय यही महसूस होता है। कहानी में मिनी परीक्षा नहीं देना चाहती है, क्योंकि उसने सही ढंग से तैयारी नहीं की है। लेकिन उसके पापा प्यार से समझाते हैं, 'तो क्या हुआ बेटा, क्लास में तुमने जो कुछ भी सुना-समझा हो, जो भी जानकारी हो, परीक्षा में आए प्रश्नों के उत्तर अपनी भाषा में लिख देना।' पापा को विश्वास है, मिनी होशियार है, प्रश्नों के उत्तर सही ढंग से लिखेगी और अच्छे अंक लाएगी। होता भी यही है। मिनी को समझ में आ जाता है कि बड़े लोग अपने जीवन अनुभव के आधार पर जो कहते हैं, सही कहते हैं। यह भी सही है कि कोशिश करने वाले असफल नहीं होते। इस संग्रह में कुल बारह कहानियां हैं। इन कहानियों में पैरेंट्स, बच्चों को जीवन की जरूरी सीख ही नहीं देते, उन्हें संस्कारवान भी बनाते हैं। संग्रह की कहानियां पढ़ते समय बच्चो, तुम्हें लगेगा, ये तुम्हारे आस-पास की अपनी कहानियां हैं। *

***किताब** : पापा ने सही कहा था, **लेखिका** : इंदिरा त्रिवेदी, **मूल्यः** 200 रुपए, **प्रकाशक** : भव्या पब्लिकेशन, भोपाल*

## खबर संक्षेप

### छात्रवृति के लिए आवेदन आमंत्रित

**सिरसा।** खेल विभाग ने खेल उपलब्धियों के आधार पर नगद ईनाम व छात्रवृति के लिए जिला के खिलाड़ियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। जिला खेल अधिकारी जगदीप ने बताया कि जिला के खिलाड़ी एक जनवरी, 2024 व इसके बाद की खेल उपलब्धियों के आधार पर नगद इनाम व छात्रवृति के लिए एक सप्ताह के अंदर-अंदर हरियाणाखेलकैशअवार्डडोटइन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### धान चोरी के दो मामलों का पर्दाफाश, एक काबू

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने धान चोरी के दो मामलों का पर्दाफाश करते हुए इन मामलों में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की देवेंद्र उर्फ बल्ला पुत्र प्रेम सिंह निवासी ब्राह्मणवाला के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा। थाना शहर रतिया के प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत ने बताया कि इस चोरी के संबंध में दो अलग-अलग मामले थाना शहर रतिया में दर्ज किए गए थे। पहली शिकायत 28 अक्टूबर 2024 को कीर्ति कुमार ने दी थी।

### धान की सीधी बिजाई पर जागरूकता शिविर

**फतेहाबाद।** कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की ओर से गांव भोड़ा होशनाक में धान की सीधी बिजाई पर जागरूकता शिविर लगाया गया। इस दौरान विभागीय कर्मचारियों ने किसानों को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसान हित में चलाई जा रही अन्य स्कीमों की भी जानकारी उपस्थित किसानों को दी। एडीओ डॉ. अमित कुमार ने धान की सीधी बिजाई के लाभ बताते हुए बताया कि इस विधि से धान में कम पानी की लागत होती है व रोगों की समस्या भी कम पाई जाती है।

### नहर में मिला अज्ञात युवक का शव

**जाखल।** जाखल के गांव कुदनी के पास गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब राहगीरों ने भाखड़ा नहर में एक युवक का शव पानी में तैरते देखा। तुरंत इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस और सहारा रेस्क्यू टीम को दी। मिली जानकारी मिलते ही जाखल थाना पुलिस व टोहाना स्थित सहारा रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक शव बहते हुए मामूपुर गांव के पास पहुंच चुका था।

### घर में सेंध लगाकर लाखों के आभूषण चोरी

**सिरसा।** शहर सिरसा पुलिस ने भारत नगर की गली नंबर-दो निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र अशोक कुमार की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी व सेंधमारी का मामला दर्ज किया है। जितेंद्र कुमार ने बताया कि वह घर के प्रथम तल पर रहते है और नीचे किरयाणा की दुकान है। बुधवार सायं लगभग 6-7 बजे वह परिवार के साथ अपनी दुकान पर था। तभी अज्ञात व्यक्ति ने प्रथम तल पर उसके कमरे के बैड से एक सोने का सैट व एक सोने की चैन तथा एक लाख 5 हजार रुपये की नगदी चुरा ली।

## सांसद ने केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर लगाई प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की बनी अलग पहचान : बराला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


फतेहाबाद। पत्रकारों से बातचीत करतेराज्यसभा सांसद सुभाष बराला।


फतेहाबाद। प्रदर्शनी का अवलोकन करते राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, साथ हैं पूर्व विधायक दुड़ाराम व उपायुक्त मनदीप कौर।

सांसद सुभाष बराला ने कहा कि हरियाणा का कोई भी जिला ऐसा नहीं है जो हाईवे से जुड़ा हुआ न हो, अब कहीं पर भी जाना हो, तो समय की बचत होती है और व्यक्ति अपने स्थान पर तय समय-सीमा के अंदर पहुंच जाता है। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत के अमृतकाल के तहत सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित 11 साल का उल्लेख सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा द्वारा लगाई गई जिला स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व विधायक दुड़ाराम, एग्रो इंडस्ट्रीज के चेयरमैन भारत भूषण मिड्ढा, उपायुक्त मनदीप कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा, प्रदेश सचिव एवं प्रभारी सुरेन्द्र आर्य उपस्थित रहे।

सांसद बराला ने कहा कि आज देश का माहौल बदला हुआ है। आज जम्मू कश्मीर में न धारा 370 है, न धारा 35ए है। हमें देखकर बड़ा गर्व होता है, जब जम्मू कश्मीर की देश के साथ कनेक्टिविटी होती है। पिछले सप्ताह ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कटड़ा से श्रीनगर के लिए वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई है। चिनाब नदी पर आर्किटेक्ट का शानदार नमूना दिखा है। उन्होंने कहा कि अब तो पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला श्रीनगर से चलकर माता वैष्णो देवी की जय बोलते हुए कटरा आते हैं। महबूबा मुफ्ती समेत अन्य प्रमुख नेताओं को यह कहते हुए देखा कि जम्मू-कश्मीर के सभी भाई-बहन अमरनाथ यात्रियों के स्वागत के लिए तैयार हो जाइए। ऐसे वातावरण की कभी कल्पना नहीं की थी।

### ऑपरेशन सिन्दूर से दिया करारा जवाब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की एक अलग पहचान बनी है और हाल ही में हमारे सैनिकों ने अपने बहादुरी का प्रदर्शन करके ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आतंकवाद किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### युवाओं को योग्यता के आधार पर मिली नौकरी

सांसद बराला ने कहा कि पूर्व की सरकारों में नौकरियों में क्षेत्रवाद व जातिवाद का बोलबाला था पर हमारी सरकार ने बिना पर्ची व बिना खर्ची के प्रदेश के युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां मिलती हैं। आज प्रदेश का युवा दायें-बांये ना झांक कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है क्योंकि उसे सरकार की नीयत और नीति में पूर्ण विश्वास है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने युवाओं के लिए एमएसएमई, स्टार्टअप जैसी योजनाओं को लेकर आई है जिससे माध्यम से युवा अपना खुद का रोजगार कर आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा में लगभग 52 लाख लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन दिया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 8 लाख से अधिक शौचालय का निर्माण करवाया गया है। पीएम आवास योजना में 63659 मकानों का निर्माण करवाया गया है। पीएम स्वनिधि से 5.54 करोड़ रुपये रेहड़ी, पटरी वालों को लोन की सुविधा करवाई गई शामिल है।


सिरसा। पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा सिरसा जिला प्रभारी वेद फुलां व जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह।

## उपलब्धियों से भरे रहे मोदी सरकार के 11 साल

**सिरसा।** भारतीय जनता पार्टी के सिरसा जिला प्रभारी वेद फुलां ने बताया कि भाजपा ने देशभर में संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम के तहत 9 जून से एक व्यापक जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान का उद्देश्य केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना और कांग्रेस शासन की विफलताओं को उजागर करना है। वेद फुलां गुरुवार को सिरसा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

जिला प्रभारी वेद फुलां ने सरकार की उपलब्धियों बारे बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल में भारत मिसाइल बनाता है, पाकिस्तान में टेस्ट करता है व दुनिया खरीदती है। हथियारों का एक्सपोर्ट 24000 करोड़ तक पहुंच चुका है और 2029 तक 50000 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा आयुष्मान कार्ड, वंदे भारत ट्रेन, उज्जवला योजना सहित अनेक ऐसी योजनाएं हैं, जिनको सरकार ने अमलीजामा पहनाकर जनता के सुपुर्द किया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से पार्टी के नेता और कार्यकर्ता देशभर में जाकर केंद्र की मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाएंगे। साथ ही कांग्रेस शासन के दौरान हुई विफलताओं की भी जानकारी घर-घर दी जाएगी। इस अभियान के दौरान भाजपा मोर्चा और प्रकोष्ठों को विशेष जिम्मेदारी दी गई है, ताकि सरकार की योजनाएं और नीतियां समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकें। इसके साथ ही प्रत्येक मंडल में भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। 15 से 20 जून के बीच अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के तहत मंडल स्तर पर योग शिविरों का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे लोगों में स्वास्थ्य और योग के प्रति जागरूकता बढ़े। भाजपा इस अभियान को वैचारिक दृष्टिकोण से भी मजबूती देना चाहती है। इन 11 सालों की उपलब्धियां कई गुणा बेहतर नहीं, बल्कि बेहतरीन रही है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह, रोहताश जांगड़ा, रतनलाल बामनिया, पूर्व विधायक रामचंद कंबोज, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गंगासागर केहरवाला, पूर्व चेयरमैन मार्केट कमेटी हनुमान कुंडू, भूपेश मेहता, मक्खन सिंह ख्योवाली, गुरदेव सिंह राही, श्याम बजाज, जसविंद्र पाल पिंकी, सुमन शर्मा, सुमन सैनी, अमन चोपड़ा, विरेंद्र तिन्ना, सुनील बामनिया, अजय शेरपुरा, विष्णु शर्मा सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# योग से मन की बढ़ती एकाग्रता व आत्मविश्वास में होती वृद्धि : मेहता

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर एमएम कॉलेज में तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में आयोजित शिविर में योगाभ्यास करते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के निर्देशानुसार मनोहर मैमोरियल कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर चल रही है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में कॉलेज में एनसीसी ब्वॉयज व गर्ल्ज विंग द्वारा आज विशेष योग शिविर का आयोजन कर विद्यार्थियों को योगाभ्यास करवाया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को प्राणायाम, ध्यान, कपालभाति, अनुलोम-विलोम सहित अनेक योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। शिविर की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने की व संचालन प्रो. प्रतिभा मखीजा, डॉ. तृप्ता मेहता व नितिन सचदेवा द्वारा किया गया। योग शिविर में कॉलेज के विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स के अलावा टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ ने भी भाग लिया।

### खेतों से ट्यूबवेल की केबल चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव मिठीसुरेरां में चोर एक किसान के खेतों में लगे ट्यूबवेल की हजारों रुपए की केबल काटकर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में राजेंद्र कुमार ने बताया कि उसका राजस्थान बॉर्डर के पास रकबा पड़ता है। खेतों में उसने सिंचाई के लिए सोलर सिस्टम लगाया हुआ है। बीती 10 जून की शाम को वह खेतों से घर आ गया। देर रात्रि को चोरों ने खेतों में घुसकर ट्यूबवैल की करीब 60 फुट केबल काटकर चोरी कर ली। सुबह जब वह खेतों में गया तो उसे घटना का पता चला। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

### टावर से हजारों का सामान चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव बकरियांवाली स्थित इंडस कंपनी के टावर से चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में इंद्रदेव निवासी फरवाई कलां ने बताया कि वह कंपनी में सिक्योरिटी सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। उसने बताया कि गांव बकरियांवाली में इंडस कंपनी का टावर लगा हुआ है। चोरों ने रात्रि को टावर का गेट खोलकर हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया। सुबह टावर के टेक्निशियन संदीप ने उसे फोन कर बताया कि टावर में चोरी हो गई है। उसने मौके पर जाकर देखा तो टावर के अंदर रखा हजारों रुपए का सामान गायब था।


सिरसा। योगाभ्यास करते आईटीआई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# आईटीआई छात्राओं ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला विंग) योगाभ्यास किया। कॉमन योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर में संस्थान के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं विभिन्न ट्रेड्स की छात्राओं ने भी बढ़-चढक़र भाग लिया।

योग सहायक साहिल कुमार ने योग के लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित योग अभ्यास से न केवल मानसिक शांति मिलती है, बल्कि यह शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। प्रशिक्षण के दौरान जिला योग सहायक दिव्या, मोनिका और लवकेश ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को प्रोटोकॉल के अंतर्गत योगाभ्यास करवाया। अभ्यास की शुरुआत प्रार्थना से हुई, जिसके पश्चात क्रमशः सूक्ष्म व्यायाम, खड़े होकर किए जाने वाले योग, बैठकर किए जाने वाले आसन, पेट व पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले आसन तथा प्राणायाम और ध्यान कराया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य उग्रसेन ने कहा कि आज के युग में योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। कार्यक्रम में प्राचार्य राजेंद्र, अवतार सिंह, रणवीर सिंह, शिव नारायण, राजेश व मनजीत सिंह आदि मौजूद थे।

### बांसवाड़ा के चोर गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार




**डबवाली।** सीआईए डबवाली व शहर थाना की संयुक्त कार्रवाई ने उदयपुर के चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान राकेश चरपोटा उर्फ राका पुत्र लश चरपोटा उर्फ लक्षण तथा सुनील चरपोटा पुत्र कांति वासियान जेरी, थाना भूंगड़ा, तहसील व जिला बांसवाड़ा, राजस्थान के रूप में हुई है। सीआईए स्टाफ प्रभारी राजपाल ने बताया कि बीती 11 जून को मीना बाजार मंडी डबवाली में मौजूद विक्की टक्कर पुत्र कृष्ण लाल टक्कर की दुकान में आरोपियों द्वारा सेंधमारी कर दुकान से चोरी करने के इरादे से घुसने की सूचना मिली थी। जिस पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए थाना शहर, सीआईए डबवाली ने मौके पर पहुंचकर आम जनता के सहयोग से दो आरोपियों को काबू किया गया। पकड़े गए आरोपियों राकेश और सुनील पर थाना शहर में अभियोग दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई है।

## जाखल की श्री कृष्ण गोशाला में तूड़ी भंडारण गोदाम ध्वस्त, समिति ने सरकार से मांगी 30 लाख की सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल

श्री कृष्ण गोशाला, जाखल में बीती रात एक बड़ा हादसा हो गया, जब तूड़ी भंडारण के लिए इस्तेमाल हो रहा पुराना गोदाम अचानक ढह गया। मिली जानकारी के अनुसार, गोदाम की एक दीवार पहले टूट गई, जिससे पूरी छत भी गिर गई और पूरी संरचना ध्वस्त हो गई। सौभाग्य से इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन गोवंश के चारे की व्यवस्था अब बड़ी चिंता का विषय बन गई है।

गोशाला समिति के प्रधान अशोक बंसल, कुशल कांत जैन, ऋषभ जैन और अशोक कुमार इत्यादि सदस्यों ने बताया कि यह गोदाम करीब 20 वर्ष पुराना था और पहले से ही कंडम अवस्था में था। दीवार गिरने की आशंका पहले भी जताई गई थी, लेकिन वित्तीय सहायता की कमी के कारण इसकी मरम्मत संभव नहीं हो सकी। इस गोदाम में लगभग 800 ट्रालियों की तूड़ी संग्रहित की जाती थी, जिससे गोशाला के सैकड़ों गोवंश के लिए वर्ष भर चारे की आपूर्ति सुनिश्चित की जाती थी। अब गोदाम के पूरी तरह गिर जाने से समिति के सामने चारा भंडारण की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।

## न्यूज डायरी

### पोर्टल मंद होने से सीईटी के आवेदकों में निराशा

**सिरसा।** सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) की आवेदन तिथि 12 जून अंतिम है। आवेदन से पहले अनेक प्रकार के प्रमाणपत्रों को अटैच करने की औपचारिकता पूरी करनी होती है। लेकिन प्रदेशभर में सरल पोर्टल पिछले काफी समय से मंद पड़ा है। जिसके कारण सीईटी के आवेदन जमा नहीं हो पा रहें। दरअसल, सीईटी के फार्म के साथ हरियाणा डोमिसाइल, जाति प्रमाण पत्र भी अपलोड करने करना होता है। आर्थिक रूप से पिछड़े आवेदकों के लिए ईडब्ल्यूसी सर्टिफिकेट की अनिवार्यता है। यह ऑनलाइन ही आवेदन किए जाते है। सीईटी के आवेदन करने वाले आवेदकों ने बताया कि वे ई-दिशा केंद्र, सीएससी सेंटर के चक्कर लगाकर थक चुके है। उन्हें सरल पोर्टल न चलने की बात कहीं जाती है। जिसके कारण न तो उनके सर्टिफिकेट बन पाए है और न ही वे अब तक आवेदन कर सकें है। जबकि आज वीरवार को आवेदन की आखिरी तारीख है। सीईटी आवेदकों के साथ-साथ नगर के जागरूक नागरिकों की ओर से प्रदेश सरकार से सीईटी के आवेदन की अंतिम तिथि 15 दिनों के लिए बढ़ाने की मांग की है।

### रोजगार कार्यालय में 17 को लगेगा रोजगार मेला

**सिरसा।** आगामी 17 जून को जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला लगाया जाएगा। एलआईसी व पुखराज हेल्थ केअर प्राइवेट लिमिटेड सिरसा की ओर रोजगार कार्यालय में 17 जून को प्रातः 10 से दोपहर 12.30 बजे तक रोजगार मेला लगाया जाएगा। रोजगार मेले में मौके पर ही चयन किया जाएगा। यह जानकारी आंकड़ा सहायक पूनम रानी ने दी। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में भाग ले रहे प्रार्थी की योग्यता दसवीं, बारहवीं व बीए होनी चाहिए तथा आयु 18 से 25 वर्ष (अविवाहित) होनी चाहिए। रोजगार मेले में आने वाले प्रार्थी अपने साथ सभी मूल प्रमाण पत्र उनकी फोटो प्रति रिहायशी प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, रिज्यूम व पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर आएं।

### भाजपा राज में भ्रष्टाचार चरम पर: केडिया

**सिरसा।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट नवीन केडिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास का झूठा राग अलाप रही है जबकि हकीकत इससे जुदा है। इस शासन में पूरा प्रदेश भ्रष्टाचार का शिकार हो रहा है। नवीन केडिया ने जारी बयान में कहा कि सिंचाई विभाग में 60 अधिकारियों पर चार्जशीट होने और 10 अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई के आदेश होने से पता चलता है कि प्रदेश में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है और सरकार अधिकारियों पर नकेल कसने में नाकाम साबित हो रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सिंचाई विभाग में अधीक्षण अभियंता, एक्सईएन, एसडीओ और जेई ठेकेदारों से मिलीभगत करके निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल करने और भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए हैं। इनकी संख्या 60 से भी अधिक है। स्वयं सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने इस बात को स्वीकार किया है कि यह संख्या अधिक हो सकती है। केडिया ने कहा कि यह तो केवल एक बानगी है। यदि सभी विभागों में हो रहे भ्रष्टाचार को खंगाला जाए तो सरकार का तख्ता हिल जाएगा।

### ताजियाखेड़ा से साढ़े चार लाख की चोरी

**सिरसा।** डिंग पुलिस ने गांव ताजियाखेड़ा निवासी मुकेश पुत्र संतलाल की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में मुकेश ने बताया कि 10 जून को उसका परिवार भोजन करने के बाद सो गया। अगली सुबह जब उठा तो सामान बिखरा हुआ पाया। अज्ञात व्यक्ति ने अलमारी से 40 तौला चांदी आभूषण, 6 तौला सोने के आभूषण और एक लाख 55 हजार रुपये की नगदी चुरा ली। चोर जिस बैग को चुराकर ले गया, उसमें परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड, पैनकार्ड, एटीएम, बैंक पासबुक व अन्य जरूरी कागजात थे।

### गेहूं चोरी करने पर दो आरोपी दबोचे



**सिरसा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने गेहूं चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि अमरजीत कौर निवासी इंद्रा विकास कॉलोनी सिरसा ने बताया कि वह शहर के सेक्टर-20 हुडा स्थित सरकारी स्कूल में मिड डे मील वर्कर है । बीती 1 जून से गर्मियों की छुट्टियां होने के कारण स्कूल बंद था। बीती 10 जून को वह स्कूल की देखभाल करने के लिए गई तो राशन वाले कमरे का ताला टूटा हुआ था। स्कूल में बने राशन वाले कमरे को चेक किया तो पता चला कि कमरे से चोर 6 बोरी गेहूं चोरी हो गए थे। उन्होंने बताया मिड-डे-मील महिला वर्कर की शिकायत पर सिविल लाइन थाना में चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान थाना की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गेहूं खरीददार सहित दो आरोपियों को काबू कर चोरीशुदा गेहूं बरामद कर ली। आरोपियों की पहचान रोहित सिंह पुत्र बसंत सिंह निवासी इंद्रा विकास कॉलोनी सिरसा व अशोक कुमार पुत्र लक्ष्मण दास गांव झंडा वाला सोतर जिला फतेहाबाद हाल सेक्टर 19 हुडा सिरसा के रूप में हुई है।

### शिक्षा के साथ कला से जुड़ें विद्यार्थी: लढ़ा



**सिरसा।** केएल थियेटर द्वारा विद्यापीठ में 20 दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर थियेटर के निर्देश कर्ण लढ़ा ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में हम शिक्षा के साथ-साथ कला से जुडक़र अपना सर्वांगीण विकास कर सकते हैं और संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला द्वारा आयोजित इस 20 दिवसीय कार्यशाला का आप सभी भरपूर लाभ उठाएं और अपने सर्वांगीण विकास की नीव रखें। लढा ने संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला का धन्यवाद करते हुए कहा कि जिला सिरसा में इस 20 दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का आयोजन भावी पीढ़ी के लिए कलात्मक क्षेत्र और उनके व्यक्तिव विकास की अनूठी पहल है। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला के अंत एक विशेष नाट्य प्रस्तुति तैयार की जाएगी, जिसे इस कार्यशाला के अंतिम दिन प्रस्तुत किया जाएगा और सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा।

**निरीक्षण** अभ्यास के दौरान पुलिस बल ने विकट परिस्थितियों से निपटने के लिए अपना शौर्य किया प्रदर्शित

# रैपिड एक्शन फोर्स ने किया रूट मार्च भौगोलिक परिस्थितियों का लिया जायजा

- सहायक कमांडेंट विजय सिंह के नेतृत्व में किया मार्च
- शहरी व ग्रामीणों क्षेत्रों का निरीक्षण करने के लिए मानचित्र बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


सिरसा। रोड़ी थाना क्षेत्र में रूट मार्च करती रैपिड एक्शन फोर्स की टीम।

सिरसा जिला के रोड़ी थाना क्षेत्र में नई दिल्ली से आई रैपिड एक्शन फोर्स की 194 बटालिय व सिरसा पुलिस ने रूट मार्च कर भौगोलिक परिस्थितियों का जायजा लिया। यह मार्च सहायक कमांडेंट विजय सिंह के नेतृत्व में किया गया। रोड़ी थाना प्रभारी जनकराज ने गुरुवार को बताया कि लगातार चले इस संयुक्त ऑपरेशन में सिरसा पुलिस तथा रैपिड एक्शन फोर्स के सभी जवान आधुनिक हथियारों से लैस थे। रैपिड एक्शन फोर्स दंगा नियंत्रण के लिए सबसे विश्वसनीय फोर्स मानी जाती है जो बिना समय गंवाए, कम से कम वक्त में संकट की स्थिति उत्पन्न होने पर घटना स्थल पर पहुंच जाती है। साथ ही सामान्य जनता के बीच पहुंचने पर उन्हें सुरक्षित करती है और उनमें विश्वास पैदा करती है कि उनकी सुरक्षा के लिए कोई है।

जिला के प्रमुख धार्मिक स्थलों, साम्प्रदायिक रूप से संवेदनशील शहरों कस्बों में रुट मार्च कर यहां की भौगोलिक, सामाजिक एवं अन्य जानकारी लेकर सर्वे कर रही है। जैसा कि अनाधिकृत आंदोलन के साथ धार्मिक, साम्प्रदायिक, जातिगत अथवा विभिन्न प्रकार की अफवाहों को लेकर भारी संख्या में आमजन का आपसी टकराव दंगे का रूप ले लेती है। ऐसी स्थिति में सिरसा पुलिस प्रशासन हर चुनौती का सामना करते हुए विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने सिपाहियों और अधिकारियों को विशेष प्रकार का प्रशिक्षण आयोजित कर अभ्यास करवाती रही है। आरएएफ की टीम ने आज विभिन्न रोड़ी थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पंहुचकर स्थानीय पुलिस के साथ पैदल रुट मार्च कर यहां की भौगोलिक स्थिति से परिचित हो रही है। अभ्यास के दौरान पुलिस बल ने विकट परिस्थितियों से निपटने के लिए एक-दूसरे जवान से तालमेल रखते हुए अपना शौर्य प्रदर्शित किया। रोड़ी थाना प्रभारी ने बताया कि रैपिड एक्शन फोर्स के सहायक कामंडेंट सहित आरएएफ की टीम व रोड़ी थाना के सभी पुलिस चौकी प्रभारियों के अतिरिक्त सभी पुलिस जवानों ने हिस्सा लिया ।

उन्होंने बताया कि फोर्स ने परिचित अभ्यास के दौरान इलाके की जनसंख्या साक्षर, निरक्षर, सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील इलाकों और उपद्रवियों की सूची तैयारी की गई। इसके अलावा राजनीतिक दलों समाजसेवी संगठनों की भी जानकारी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा शहरी व ग्रामीणों क्षेत्रों का निरीक्षण करने के लिए मानचित्र बनाया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस अभियान के दौरान जिला के सभी थाना क्षेत्रों में जाकर वहां की भौगोलिक परस्थितियों को जायजा लेगी।

### फर्जी ई-चालान के फर्जी लिंक से रहें सावधानः एसपी

**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने आमजन को आधुनिकता के इस युग में साइबर अपराधियों से बचने के लिए विशेष एडवाजरी जारी करते हुए कहा कि साइबर अपराधी वाहन चालकों को ई-चालान की फर्जी वेबसाइट बनाकर लिंक भेज रहे हैं, इसलिए ऐसे लिंक से सावधान रहने की आवश्यकता है। यदि गलती से आपने चालान भरने के लिए नकली वेबसाइट पर क्लिक कर दिया तो आप साइबर अपराधियों के चुंगल में फंस जाएंगे और ट्रैफिक ई-चालान को निपटाने की बजाय साइबर अपराधियों को भुगतान करना पड़ सकता है। एसपी ने बताया कि आजकल साइबर अपराधी फर्जी ट्रैफिक ई-चालान के माध्यम से लोगों को चूना लगा रहे हैं। साइबर अपराधी धोखाधड़ी वाले लिंक या संदेश को कुछ इस तरह लिखा होता है, जैसे आपका चालान नंबर, वाहन की पंजीकृत संख्या, चालान राशि रुपयों में। उन्होंने बताया कि साइबर ठगों द्वारा ठगी करने के लिए और आपका विश्वास जीतने के लिए, धोखाधड़ी वाले संदेश को इस तरह से तैयार करते है, जैसे ये वास्तविक हों।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

**फतेहाबाद।** गांव खान मोहम्मद में सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से महिलाओं के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक बुद्धिराज सिंह, सीनियर मैनेजर देवाशीष बिश्नोई और अधिकारी दरिया सिंह भादू विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में महिलाओं को बैंकिंग से जुडऩे के लिए प्रेरित किया गया और उन्हें बैंकिंग सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। क्षेत्रीय प्रबंधक बुद्धिराज सिंह ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके साथ ही लोन सुविधाओं व उनकी प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को बैंकिंग की मुख्यधारा से जोडऩा और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था।

### उधार के पैसे मांगने पर दुकानदार पर बोला हमला

**फतेहाबाद।** उधार दिए किरयाणे के सामान के पैसे मांगने को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने गांव ढाबी खुर्द के एक दुकानदार पर हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में गांव ढाबी खुर्द निवासी रतन सिंह ने कहा है कि उसकी गांव में किरयाणे की दुकान है। रात को जब वह घर पर सोया हुआ था तो गांव के सोमपाल ने उसे आवाज दी। जब उसने उठकर गेट खोला तो सोमपाल व मेनू पुत्र सुरजीत, सुबे सिंह पुत्र अमर सिंह, निशु पुत्र सतबीर, कुलदीप पुत्र भूप सिंह उसके घर के बाहर खड़े थे। उसे देखते ही इन लोगों ने गाली-गलौच शुरू कर दिया और उस पर लाठियों से हमला कर दिया।

### फतेहाबाद शहर से युवती लापता

**फतेहाबाद।** शहर की हरनाम सिंह कालोनी से एक युवती के लापता होने का समाचार है। इस बारे युवती के परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में हरनाम सिंह कालोनी फतेहाबाद निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 18 साल की लडक़ी गत दिवस बिना बताए घर से कहीं चली गई है और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। इस पर उन्होंने काफी जगह उसकी तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### फतेहाबाद और भूना से दो मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** जिले में सक्रिय वाहन चोर गिरोह ने फतेहाबाद और भूना से दो मोटरसाइकिल चोरी कर लिए। दोनों मामलों में सम्बंधित थानों में शिकायत दर्ज करवाई गई है। पहले मामले में पुलिस को दी शिकायत में हिसार जिले के गांव लांधड़ी निवासी दीपक ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से फतेहाबाद आया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को संन्यास आश्रम रोड पर खड़ा किया और काम पर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था।

### राजस्थान से साइबर ठग काबू, छह लाख हड़पे थे

**फतेहाबाद।** साइबर अपराधियों की धरपकड़ करते हुए साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने राजस्थान के एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि युवक ने कोरियर में महंगा सामान आने और टैक्स के नाम पर उससे 6 लाख से अधिक रुपये हड़प लिए हैं। पकड़े गए युवक की पहचान राहुल सिंह शेखावत पुत्र भरत सिंह निवासी श्रीविजय नगर, अमन बाग, सिरसी, जयपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। इस बारे पुलिस ने 1 मई को गांव मेहूवाला निवासी विनोद कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार दिसम्बर 2024 में उसके व्हाटसएप पर एक मैसेज आया कि उसका कुरियर आया हुआ है। इसके बाद उसने मोबाइल पर फोन आया कि उसका मुम्बई शिवाजी एयरपोर्ट से एक कुरियर आया हुआ है।

# उम्मीदवारों की सक्रियता के चलते सूलीखेड़ा में सरपंच चुनाव का मुकाबला हुआ रोचक

- चार उम्मीदवार चुनाव मैदान में, 15 जून को डाले जाएंगे वोट

रण सिंह माचरा/भट्टूकलां



**भट्टूकलां।** सूलीखेड़ा सरपंच पद का चुनाव लड़ रहे चारों उम्मीदवार। फोटो :हरिभूमि

भट्टूखंड के गांव सूली खेड़ा में 15 जून को सरपंच पद के लिए उपचुनाव होना है। इस चुनाव में चार उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। यह पद सरपंच सुल्तान सिंह पूर्व सैनिक के निधन पर खाली हुआ था और गांव में कुल मतदाता 1647 है।

गांव भट्टू से मात्र 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सूलीखेड़ा गांव शांतिप्रिय व राजनीतिक में हमेशा अग्रणी रहा है। सरपंच पद के लिए अनुसूचित जाति आरक्षित (गैर महिला) होने के कारण एससी वर्ग के चार पुरुष उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। चिलचिलाती धूप के अंदर जहां ग्रामवासियों की कोई विशेष रुचि तो नहीं है परंतु उम्मीदवारों की सक्रियता के चलते यह चुनाव काफी रोचक होता जा रहा है। चारों उम्मीदवार डोर टू डोर ढाणियों व अन्य स्थानों पर जा रहे हैं। जहां पर भी उन्हें मतदाता नजर आता है अपनी हाजिरी लगा रहे हैं। इस गांव में और कई जातियां है परंतु धड़े के साथ किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में कोई प्रचार नहीं किया जा रहा है। उम्मीदवार अकेले ही अपने दम पर लोगों से संपर्क कर चुनाव जीतने का प्रयास कर रहे हैं। एक उम्मीदवार मास्टर सुरेश सरबटा एमए बीएड पास है। मतदाताओं में जाकर अपनी शैक्षिक गुणवत्ता के साथ गांव के विकास कार्य करवाने का वादा कर रहे हैं। उनका कहना है एक शिक्षित व्यक्ति ही समाज की सच्ची सेवा कर सकता है।

गांव के स्कूल सौंदर्यकरण, शिक्षा के प्रसार व गांव का विकास उनकी प्राथमिकता रहेगी। दूसरे उम्मीदवार राजेश कुमार पुत्र महादेव जोकि 12वीं तक पढ़े हैं तथा उम्मीदवारी मे सबसे छोटी उम्र के युवा है। उनकी भी तमन्ना है कि गांव के विकास को शिखर पर पंहुचा कर उनका गांव प्रगति के पथ पर आगे बढ़े।

पूर्व में सरपंच रहे सुल्तान सिंह बुजुर्ग होने की वजह से उनके पोते सचिन ने गांव में सरपंच के प्रतिनिधि के तौर पर कार्य किया था। उनका समर्थन भी राजेश के साथ बताया जा रहा है। राजेश का कहना है कि गांव में एक बूस्टिंग स्टेशन जो कि कई सालों से अधर में पड़ा है उसको पूरा करवाने का प्रयास करेंगे।

चाहे जो भी उम्मीदवार हो, सभी ने अपने प्रचार प्रसार में कोई कमी नहीं छोड़ रखी लेकिन इन सभी का एक ही उद्देश्य है कि गांव में भाईचारा व शांति बनी रहे, इसके लिए चारों उम्मीदवार कोई भेदभाव व द्वेष भावना ना रखते हुए आपस में मिल जुल कर चाय पानी तक भी साथ कर लेते हैं लेकिन चुनाव को लेकर ग्रामीण अभी चुप्पी साधे बैठे हैं, जिस कारण तस्वीर स्पष्ट नजर दिखाई नहीं दें रही है।

#### गांव के विकास में कमी नहीं छोड़ेंगे

तीसरे उम्मीदवार राजेश शीला का कहना है कि गांव के लोग राजनीतिक दृष्टि से काफी जागरुक है और वह जानते हैं कि गांव का विकास कौन सा उम्मीदवार कर सकता है। मेरा प्रयास मतदाताओं के सामने घर-घर जाकर उनसे मिलना व गांव में जो भी विकास की दृष्टि से पिछड़ा है, उनका विकास करवाना तथा भाईचारा कायम रखना प्रमुखता रहेगी। राजेश शीला का कहना है कि गांव में रेलवे का अंडर ब्रिज बना है जोकि सुलीखेड़ा गांव के साथ-साथ शेखुपुर दड़ौली व आदमपुर जाने वाले लोगों के लिए थोड़ी सी बरसात आने पर जी का जंजाल बन जाता है। पंचायत की तरफ से इस बड़ी समस्या से लोगों को निजात दिलाने का उनका प्रयास रहेगा। उनका कहना है कि सरपंची ही नहीं बल्कि भाईचारा कायम रखना उनका प्रथम उद्देश्य है।

#### अधूरे कार्य पूरे करवाए

चौथे उम्मीदवार सतपाल का कहना है कि उनके पास 12 महीने तक सरपंची का कार्यभार रहा है। इस दौरान उन्होंने गांव में कई अधूरे पड़े विकास कार्य को संपूर्ण करवाया है। स्कूल में शेड, गांव में गौरव पट्ट का सौंदर्यकरण व अन्य कार्य करवाए हैं। ग्रामीण अच्छी सोच के है व विकास करवाने वाले व्यक्ति को ही जिम्मेवारी सौंपेंगे।

### ग्रामीण बोले- कैंटर मंगवा कर चलाना पड़ रहा काम, पशु मर रहे

# पेयजल समस्या से परेशान ग्रामीणों ने लघु सचिवालय पर किया जमकर प्रदर्शन

एमपी सुभाष बराला से मिले ग्रामीण, अधिकारियों ने दिया जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** पेयजल समस्या को लेकर हंगामा करते गांव धांगड़ के ग्रामीण।

नेशनल हाइवे 9 पर हिसार रोड स्थित गांव धांगड़ में भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल समस्या से जूझना पड़ रहा है। पेयजल समस्या से परेशान गांव धांगड़ के दर्जनों ग्रामीण गुरूवार को उपायुक्त से मिलने फतेहाबाद पहुंचे। एक तरफ जहां राज्यसभा सांसद सुभाष बराला केन्द्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर लघु सचिवालय में आयोजित प्रदर्शनी में भाग लेने पहुंचे थे वहीं ग्रामीणों ने लघु सचिवालय के बाहर नारेबाजी शुरू कर दी। कार्यक्रम से निकले सांसद सुभाष बराला ने ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्या को सुना। बराला ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि इस बारे अधिकारियों से बातचीत कर समस्या का जल्द समाधान करवाया जाएगा। लघु सचिवालय पहुंचे गांव धांगड़ निवासी सुरेन्द्र, राजबाला, सतीश, राधेश्याम, सुरेश, संतरो देवी आदि ने बताया कि उनके गांव में पिछले काफी समय से पेयजल को लेकर समस्या बनी हुई है।

गर्मी के मौसम में पानी न मिलने से ग्रामीण प्यासे मरने को मजबूर हो रही हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को पैसे खर्च कर टैंकर मंगवाकर गुजारा करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में जो पेयजल सप्लाई किया जा रहा है, वह बेहद दूषित हैं और उसे पीने के लिए प्रयोग नहीं किया जा सकता। इसको लेकर वह कई बार अधिकारियों से भी मिल चुके हैं। लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ।

#### जलघर का टैंक खराब

ग्रामीणों ने एमपी सुभाष बराला को बताया कि गांव के जलघर में टैंक खराब पड़ा है। यहां चार में से तीन फिल्टर तो लंबे समय से बंद हैं। जोन सही न होने के चलते आखिरी छोर तक घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा हैं। गांव के बूस्टिंग स्टेशन की क्षमता कम है जबकि उसके पर लोड ज्यादा है। बूस्टिंग स्टेशन में भी एक वाल्व खराब है जिस कारण आधी-आधी करके गांव में पेयजल सप्लाई हो रहा है। ऐसे में कुछ घरों में दो बार पानी सप्लाई हो रही है जबकि कुछ घरों में एक बूंद भी पानी नहीं पहुंच रहा। इसी समस्या को लेकर आज वह डीसी से शिकायत करने आए हैं। लघु सचिवालय में मौजूद जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ सतपाल रोज ने भी ग्रामीणों की समस्या जानी और कहा कि वह जल्द ही अधिकारियों की टीम भेजकर मौके का निरीक्षण करवाएंगे और समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा।



**फतेहाबाद।** युवक को उसका मोबाइल लौटाते पुलिस कर्मचारी।

## पुलिस ने घायल को पहुंचाया अस्पताल, मोबाइल लौटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एसपी सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में फतेहाबाद पुलिस जहां एक ओर अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित कर रही है, वहीं दूसरी ओर मानवता के कार्यों में भी लगी है। आज टोहाना क्षेत्र में फतेहाबाद ट्रैफिक पुलिस ने मानवता एवं ईमानदारी की मिसाल पेश की। मिली जानकारी के अनुसार फतेहाबाद लघु सचिवालय के निकट एक मोटरसाइकिल के आगे अचानक एक कुत्ता आ गया, जिससे मोटरसाइकिल सवार असंतुलित होकर गिर पड़ा और घायल हो गया। मौके पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने तुरंत प्राथमिक उपचार दिया और घायल चंदर प्रकाश पुत्र रणजीत सिंह निवासी गांव फेफाना के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था कर अस्पताल पहुंचाकर मानवता का परिचय दिया। दूसरे मामले में सुखबीर सिंह पुत्र मक्खन सिंह निवासी रसूलपुर का मोबाइल फोन गुम हो गया था। ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी को यह मोबाइल फोन मिला। पुलिसकर्मी ने तत्परता दिखाते हुए मोबाइल के वास्तविक स्वामी का पता लगाकर उसे सुरक्षित रूप से मोबाइल फोन लौटाया। सुखबीर सिंह और उनके परिजनों ने पुलिस की ईमानदारी की सराहना की। एसपी ने इन दोनों घटनाओं पर ट्रैफिक पुलिस टीम को जमकर सराहा।

## पक्षी उद्धार मुहिम में जुटे डेरा श्रद्धालु

- पुलिस लाइन पार्क में पेड़ों पर बांधे मिट्टी के सकोरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** पुलिस लाइन पार्क में सकोरे बांधते सेवादार। फोटो :हरिभूमि

डेरा सच्चा सौदा के सिरसा ब्लॉक की साध-संगत की ओर से पक्षी उद्धार मुहिम के तहत भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों की सुध लेते हुए पक्षियों के लिए चोगा-पानी का प्रबंध करने हेतु मिट्टी के सकोरे रखने का अभियान चलाया गया। अभियान की शुरुआत बरनाला रोड स्थित पुलिस लाइन के पार्क से की गई। उप पुलिस अधीक्षक आदर्शदीप सिंह व ऐलनाबाद उप पुलिस अधीक्षक संजीव बल्हारा सहित अन्य पुलिस कर्मियों की ओर से पेड़ों पर परिंडे बांधकर अभियान की विधिवत शुरूआत की। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वे स्वयं पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे में निरंतर दाना-पानी रखेंगे, ताकि भीषण गर्मी में कोई भी पक्षी भूख-प्यास से व्याकुल न हो। इस अवसर पर लाइन अफसर रामकुमार, 85 मैंबर सेवादार सहदेव, रामकुमार सहित अन्य सेवादार मौजूद रहे। उप पुलिस अधीक्षक आदर्शदीप ने कहा कि इस भीषण गर्मी के दौर में बेजुबान पशु-पक्षियों के साथ-साथ पेड़-पौधों की संभाल भी बहुत जरूरी है। पेड़-पौधों की कमी के कारण ही गर्मी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसलिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने के साथ उनकी पेड़ बनने तक संभाल भी करनी चाहिए। सिरसा ब्लॉक सेवक कस्तूर सोनी ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर साहिल, कृपा सिंह, सुरेश, साहिल व अन्य मौजूद रहे।

## समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधान: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आई आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने वीरवार को समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। जिला में आयोजित इन शिविरों में कुल 30 शिकायतें दर्ज की गईं। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि सभी विभाग आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ तय समय में हल करें, ताकि लोगों को अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने जोर दिया कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं का स्थायी और समयबद्ध समाधान हो, जिससे वे सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठा सकें। उन्होंने अधिकारियों से समाधान शिविरों और सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निपटारा करने और किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहा हैं। शिविरों में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जा रहा है। उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां लोगों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं।

### इमरजेंसी बताकर युवक से 15 हजार ठगने का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस साइबर ठगी करने वालों की धरपकड़ कर उन्हें सलाखों के पीछे भेज रही है। थाना सदर फतेहाबाद की टीम ने दोस्त बनकर फोन करने और एमरजेंसी बताकर एक युवक से हजारों रुपये ठगने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान रविन्द्र पुत्र किशोर निवासी धमानियां जिला नागौर, राजस्थान के रूप में हुई है। इस बारे पुलिस ने 1 जून को जसवंत निवासी भिरड़ाना की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी 6 महीने से गांव सुखलमपुर निवासी प्रवीण के साथ दोस्ती है। गत दिवस उसके मोबाइल पर एक फोन आया। फोन करने वाले युवक ने कहा कि वह उसका दोस्त प्रवीण बोल रहा है। उसे एमरजेंसी में 15 हजार रुपयों की जरूरत है। वह बताए गए मोबाइल फोन पर 15 हजार रुपये ट्रांसफर कर दें, वह कल उसे यह पैसे वापस लौटा देगा। जसवंत ने कहा कि इसके बाद उसने बताए गए नंबर पर अपने फोन से 5 हजार रुपये और गांव माजरा के प्रकाश सिंह जोकि सीएससी सैंटर चलाता है, को फोन करके 10 हजार रुपये ट्रांसफर करवा दिए। दो दिन बाद जब वह रतिया गया तो वहां उसे उसका दोस्त प्रवीण मिला। जब उसने प्रवीण से पैसे वापस देने बारे कहा तो प्रवीण ने कहा कि कौन से पैसे।

### जाखल पंचायत समिति के लिए बैठक 16 को

**फतेहाबाद।** जिले के जाखल पंचायत समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद को लेकर चुनावी बैठक 16 जून को बुलाई गई है। जाखल पंचायत समिति के अध्यक्ष जगतार सिंह और उपाध्यक्ष मीनू को पिछले दिनों सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाकर पद से हटा दिया था। इसके बाद से ही नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई थी। अब जिला प्रशासन ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर 16 जून को जाखल के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में बैठक बुलाई है। जिला प्रशासन ने पत्र के माध्यम से इसकी सूचना पंचायत समिति सदस्यों को भी भेज दी है।

## भोडिया खेड़ा व धांगड़ में कराया योग का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** आसनों का अभ्यास करवाते आयुष विभाग के कर्मचारी।

आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग के सयुंक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोडिया खेड़ा व राजकीय बहुतकनीकी संस्थान धांगड़ में योग प्रोटोकॉल अभ्यास करवाया गया। आयुष योग सहायक सुरेंद्र शर्मा, ज्योति व पूजा कटारिया द्वारा योग साधकों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया जिसमें शिथिलीकरण के अभ्यास, स्कंध खिंचाव, कटि चालन, घुटना संचालन, खड़े होकर, बैठकर करने, पेट के बल लेट कर, पीठ के बल लेट कर करने वाले अभ्यास तथा प्राणायाम आदि करवाये गए। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा ने जिले के नागरिकों से आह्वान किया है कि वे वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर जाकर ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन करें ताकि 21 जून को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि योग शरीर और मन को जोडऩे की एक कड़ी है। जीवन में सफल होने के लिए शरीर और मन का एकाग्र होना अति आवश्यक है। इसलिए हम सबको अपने जीवन में योग को अपनाना चाहिए। उन्होंने 21 जून को अधिक से अधिक संख्या में एमएम कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में पहुंचने के लिए आह्वान किया।

### सीडीएलयू के कुलपति से मिला शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

**सिरसा।** ऑल हरियाणा गवर्नमेंट कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल वीरवार को चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति से मिला और उन्हें प्रवेश विनियमन 2022 को विश्वविद्यालय में पूरी तरह लागू करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में डॉ. हरविंद्र सिंह, डॉ. गुरनाम सिंह, डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ. विवेक गोयल, डॉ. राकेश कुमार और डॉ. रमेश मेहरा ने ज्ञापन में मांग की कि विश्वविद्यालय अपने संबद्ध कॉलेजों में कार्यरत योग्य सहायक प्रोफेसर, सहयोगी प्रोफेसर और प्रोफेसर को पीएचडी पर्यवेक्षक नियुक्त करने की अनुमति दे। प्रतिनिधियों ने कहा कि यह फैसला न सिर्फ विश्वविद्यालय में शोध कार्यों को बढ़ावा देगा, बल्कि छात्रों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक पहले ही यह विनियमन लागू कर चुके हैं और पड़ोसी राज्यों के विश्वविद्यालय भी इसी दिशा में काम कर रहे हैं। ऐसे में देविवि को भी इस दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत है। प्रतिनिधियों ने बताया कि देविवि के कई विभागों में नियमित फैकल्टी की कमी है, और ज़्यादातर पढ़ाई गेस्ट या संविदा आधारित शिक्षकों के भरोसे चल रही है।

### गुरु गोरखनाथ आश्रम में सत्संग का आयोजन, श्रद्धालुओं ने लिया आध्यात्मिक लाभ

# मनुष्य को जीवन में सदैव अच्छे व नेक कार्यों की ओर अग्रसर रहना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। गुरु गोरखनाथ आश्रम में पूजा अर्चना करते संचालक आनंद नाथ।

हुडा सैक्टर स्थित गुरु गोरखनाथ आश्रम में आज विशाल भंडारे और सत्संग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक जागरण का सशक्त उदाहरण बना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्व जातीय मंच के अध्यक्ष विजय चौधरी ने सत्संग सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में सदैव अच्छे और नेक कार्यों की ओर अग्रसर रहना चाहिए। दूसरों को दुख देना पाप है और हमें सभी के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने अपने उद्बोधन में समाज में भाईचारे, सहिष्णुता और नैतिक मूल्यों की आवश्यकता पर बल दिया। आश्रम के संचालक आनंद नाथ ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भंडारे और सत्संग का आयोजन बड़े धूमधाम और श्रद्धा से किया गया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सभी समाजों को जोडऩे वाला एक मंच है, जहां श्रद्धा, भक्ति और सेवा की त्रिवेणी बहती है। सत्संग कार्यक्रम में बाहर से आई भजन-कीर्तन मंडलियों ने भक्ति संगीत और श्री गुरु गोरखनाथ की महिमा से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंग गया।

#### सत्संग में दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालु

*इस अवसर पर ज्ञान चंद उतरेजा, संजय शर्मा, पार्षद सुभाष नायक, महंत बलबीर नाथ, महंत राजेंद्र नाथ, महंत पवन नाथ, संजय नायक, मास्टर महेंद्र कुमार, सुल्तान सिंह भाटी तथा डॉ. रणजीत सिंह सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद और भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भोजन ग्रहण किया।*

### सफाईकर्मी को 27000 वेतन देने की मांग

**फतेहाबाद।** मुख्यमंत्री द्वारा सिरसा में आयोजित समारोह में सफाई कर्मचारियों के वेतन में 2100 रुपये की बढ़ोतरी पर सवाल उठाए हैं। नगरपालिका कर्मचारी संघ का कहना है कि सीएम ने सफाई कर्मचारियों के लिए 27 हजार रुपये मासिक वेतन की घोषणा की हुई है, प्रदेश सरकार उस घोषणा को जल्द से जल्द लागू करें। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य वरिष्ठ उप प्रधान रमेश तुषामड ने कहा कि 24 नवंबर 2024 महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सीएम ने वेतन 26 से 27 हजार रुपये करने का संकल्प लिया था।